# राष्ट्रपति ने चीता प्रोजेक्ट की प्रगति जानी

- अधिकारियों ने किया राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत
- कूनो पार्क में लगी प्रदर्शनी देखी राष्ट्रपति ने



नवभारत न्यूज

**श्योपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने दो दिवसीय कूनो नेशनल उद्यान प्रवास के पहले दिन रविवार को चीता कमांड एवं कंट्रोल सेंटर का दौरा किया। उन्होंने चीता प्रोजेक्ट की प्रगति और चीतों की निगरानी व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान राष्ट्रपति ने परिसर में स्थापित चीता प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और परियोजना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।**

चीता कमांड एवं कंट्रोल सेंटर में अधिकारियों ने राष्ट्रपति को बताया कि भारत में कुल 52 चीते हैं। इनमें से 49 चीते कूनो नेशनल पार्क में हैं, जबकि तीन चीतों को गांधी सागर अभयारण्य, मंदसौर स्थानांतरित किया गया है। प्रदर्शनी के माध्यम से उन्हें चीता पुनर्स्थापन कार्यक्रम की शुरुआत से लेकर अब तक की उपलब्धियों और प्रगति से अवगत कराया गया।

राष्ट्रपति मुर्मू ने चीतों के संरक्षण और उनके लिए विकसित की गई सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने बताया कि कूनो के जंगलों में हर दो किलोमीटर पर वाटर पिट बनाए गए हैं। इनमें आवश्यकतानुसार नियमित रूप से पानी भरा जाता है, जिससे गर्मी और सूखे के दौरान वन्यजीवों को पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। इस दौरान राष्ट्रपति को बोत्सवाना से लाए गए चीतों की गतिविधियों और उनके अनुकूलन प्रक्रिया से अवगत कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपनी बोत्सवाना यात्रा के दौरान जिन आठ चीतों को रिसीव किया था, उन्हें ही बाद में भारत लाकर कूनो नेशनल पार्क में बसाया गया था।

भ्रमण के दौरान राष्ट्रपति को चीता कमांड एवं कंट्रोल सेंटर में चीतों की निगरानी, ट्रैकिंग और स्वास्थ्य संबंधी आधुनिक मॉनिटरिंग व्यवस्थाओं से भी अवगत कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि रेडियो कॉलर और अन्य तकनीकी माध्यमों से चीतों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाती है, ताकि उनके व्यवहार, मूवमेंट और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

इस अवसर पर सीसीएफ उत्तम कुमार, कलेक्टर शीला दाहिमा, डीएफओ आर. थिरूकुराल सहित वन विभाग और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# शादी समारोह में महिला डांसर से मारपीट का मामला

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़। बड़ागांव धसान थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान आर्केस्ट्रा की महिला डांसर और उसके सहयोगी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना शनिवार रात की है, जिसका वीडियो रविवार को सामने आने के बाद मामला चर्चा में आ गया।**

जानकारी के अनुसार, बड़ागांव के वार्ड 9 में धनीराम अहिरवार की बेटी की शादी समारोह चल रहा था। बारात टीकमगढ़ के नारगुडा से आई थी, जिसके साथ आर्केस्ट्रा पार्टी भी लाई गई थी। महिला डांसर ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी और आरोप लगाया कि कार्यक्रम के लिए तय पैसे नहीं दिए गए। साथ ही उसने यह भी दावा किया कि उसके साथ मारपीट की गई और 65 हजार रुपये छीन लिए गए। थाना प्रभारी जयंत गोयल के अनुसार, कार्यक्रम में रोहित अहिरवार द्वारा आर्केस्ट्रा पार्टी को लाया गया था। महिला डांसर के साथ उसका सहयोगी दीपक अहिरवार भी मौजूद था।

बताया गया है कि डांस के दौरान दीपक अहिरवार पैसे लुटाने लगा, जिससे गांव के बच्चे इकट्ठा हो गए। इस दौरान बच्चों और दीपक के बीच कहासुनी और हाथापाई हो गई। पुलिस के मुताबिक, बच्चों से विवाद के बाद स्थिति और बिगड़ गई और दोनों पक्षों में मारपीट की नौबत आ गई। पुलिस ने मामले में रोहित अहिरवार और दीपक अहिरवार को हिरासत में लेकर धारा 151 के तहत कार्रवाई की है। वहीं महिला डांसर के साथ मारपीट के आरोपों की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि वीडियो की जांच के बाद यह स्पष्ट किया जाएगा कि महिला डांसर के साथ मारपीट किसने की। इसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। बड़ागांव धसान थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान आर्केस्ट्रा की महिला डांसर और उसके सहयोगी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है।

### धारा 151 के तहत हुई कार्यवाही

पुलिस ने मामले में रोहित अहिरवार और दीपक अहिरवार को हिरासत में लेकर धारा 151 के तहत कार्रवाई की है। वहीं महिला डांसर के साथ मारपीट के आरोपों की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि वीडियो की जांच के बाद यह स्पष्ट किया जाएगा कि महिला डांसर के साथ मारपीट किसने की इसकी जांच की जा रही है।

# युवा प्रतिभाओं ने बिखेरा कला का अनुपम वैभव

## राष्ट्रीय युवा कला उत्सव के दो दिवसीय आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकार



नवभारत न्यूज

**सागर 21 जून. संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा कलोत्सव में देश के विभिन्न प्रांतों से आए युवा कलाकारों ने विलक्षण प्रतिभा, सृजनात्मकता और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों के माध्यम से वातावरण निर्मित किया.**

इस दौरान युवा कलाकारों की सधी हुई प्रस्तुति, मंच अनुशासन, भावपूर्ण अभिव्यक्ति तथा पारंपरिक कला के प्रति समर्पण ने कार्यक्रम को विशेष ऊँचाई प्रदान की. द्वितीय दिवस का समापन नाट्य प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसमें युवा रंगकर्मी अपनी अभिनय क्षमता, रचनात्मक अभिव्यक्ति और रंगमंचीय कौशल का प्रदर्शन किया.

संगीत, नृत्य और नाटक का उत्सव युवा कलोत्सव शुभारंभ महाकवि पद्माकर सभागार में सांसद लता वानखेड़े, विधायक शैलेन्द्र जैन, महापौर संगीता तिवारी ने किया. इस अवसर पर सचिव संगीत नाटक अकादमी श्री राजूदास, एसडीएम अमन मिश्रा उपस्थित रहे. सचिव संगीत नाटक अकादमी श्री राजूदास ने स्वागत भाषण दिया. युवा कलोत्सव 2026-27 के शुभारंभ अवसर पर डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा हिंदुस्तानी वाद्य-वृंद, ऋषि विश्वकर्मा एवं दल सागर द्वारा लोक संगीत, दर्शन लोककला संस्थान सागर द्वारा बधाई नृत्य, नृत्याराधना नृत्य मंदिर संस्थान उज्जैन द्वारा कथक एवं मूलचंद गोंड एवं दल मसानझिरी द्वारा राई नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई.महोत्सव में युवा कलाकारों और हमारी विविध प्रदर्शन कला विधाओं, परंपराओं और अभिव्यक्तियों की निरंतरता को प्रदर्शित किया गया है.

# सरकार की मंशा पर लगाया पलीता तो खैर नहीं

## अधिकारियों को केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की दो टूक, सकारात्मक रवैया अपनाएं

- जनकल्याण शिविर में 36 नई सड़कों की दी सौगात
- आवास योजना के हर हितग्राही को मिलेगा योजना का लाभ



इछावर. शनिवार को आयोजित जनकल्याण शिविर में केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया.

नवभारत न्यूज

**सीहोर/ इछावर 21 जून. तहसील मुख्यालय इछावर के आजाद चौक में शनिवार को आयोजित जनकल्याण शिविर में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों को सख्त संदेश देते हुए कहा कि वे सकारात्मक सोच के साथ काम करें और सरकार की जनहितकारी योजनाओं की मंशा पर कोई भी पलीता न लगाए. उन्होंने चेतावनी दी कि पात्र हितग्राहियों के नाम काटने या योजनाओं में अनावश्यक अड़चन पैदा करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. कार्यक्रम में प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा भी मौजूद रहे.**

जनकल्याण शिविर को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार गरीब, किसान और जरूरतमंद वर्ग के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है. प्रधानमंत्री आवास योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि इछावर क्षेत्र में लगभग 21 हजार लोगों का सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है. अब इन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है. सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होते ही सभी पात्र कच्चे मकान धारकों को पक्का आवास निर्माण के लिए स्वीकृति और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी.

उन्होंने कहा कि उन्हें लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि पात्र लोगों के नाम भी विभिन्न कारणों का हवाला देकर सूची से बाहर किए जा रहे हैं. यह स्थिति स्वीकार्य नहीं है. प्रत्येक आवेदन की निष्पक्ष जांच होगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी गरीब और पात्र व्यक्ति का अधिकार न छीना जाए. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे संवेदनशीलता के साथ कार्य करें तथा जनता को अनावश्यक परेशान करने के बजाय उनकी समस्याओं का समाधान करें.

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विकास को नई गति देने वाली एक महत्वपूर्ण घोषणा भी की गई. राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा की उपस्थिति में इछावर विधानसभा क्षेत्र के 36 गांवों के लिए 36 नई सड़कों के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए. लंबे समय से मुख्य सड़कों से नहीं जुड़ पाए ग्रामीण क्षेत्रों को इससे बड़ी राहत मिलेगी. नई सड़कें बनने से ग्रामीणों को आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि कार्यों में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा मिलेगा. केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है. सड़क, आवास, पेयजल, सिंचाई और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है. उन्होंने हितग्राहियों से भी योजनाओं का लाभ लेने और समस्या होने पर सीधे प्रशासन को अवगत कराने की अपील की.

### कांग्रेस ने काफिला रोककर मांगों का सौंपा ज्ञापन

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान के इछावर आगमन को लेकर कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किए जाने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस चौकन्ना थी. इस दौरान जैसे ही केन्द्रीय मंत्री का काफिला वहां पहुंचा. मौके पर कांग्रेस के झंडे लेकर खड़े वरिष्ठ नेता बृजेश पटेल सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने काफिले को रोका. केन्द्रीय मंत्री चौहान वाहन से नीचे उतरे और कांग्रेस नेताओं की बात सुनी. बृजेश पटेल ने डीजल व खाद की किल्लत के अलावा मूंग के भावों सहित अन्य मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए किसान हित में इन मांगों को पूरा करने की मांग की गई.

# बोर्ड परीक्षा और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पुरस्कृत किया



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 21 जून, का.** शैक्षणिक संस्था इंदौर पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 98 प्रतिशत अंको के साथ प्रदेश की मेरिट लिस्ट में दसवां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा वंशिका यादव सहित बोर्ड परीक्षाओं एवं खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया. छात्रा बंशिका यादव ने इस सफलता का श्रेय इंदौर पब्लिक स्कूल ब्यावरा के समस्त शिक्षकों और माता पिता को दिया. स्कूल संचालक हरिओम दांगी ने कहा है कि हम निरंतर ईमानदारी से मेहनत करते है और हर बच्चे पर पूरा ध्यान देते है, विद्यार्थियों की सफलता हेतु, विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और माता पिता का सहयोग बहुत महत्वपूर्ण होता है.

### भोलेनाथ का प्राण प्रतिष्ठा समारोह

**मुलताई।** नगर के पटेल वार्ड में कामतानाथ भार्गव परिवार एवं विश्वेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा नव निर्मित मंदिर में महा शिव पुराण कथा एवं भगवान भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया हैं। महा शिव पुराण कथा प्रतिदिन चल रही हैं, रविवार को भगवान भोलेनाथ के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पूर्व ताप्ती तट से कलश में ताप्ती जल लेकर शोभायात्रा निकाली गई.

### राम और कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया

**नरसिंहगढ़ 21 जून, सं.** मंदिर श्री जमात में भागवत कथा के चतुर्थ दिवस भगवान राम और कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया. पं.सच्चिदानंद शर्मा ने कहा कि सतयुग में भगवान राम आये जो मर्यादा और त्याग सिखाते है फिर द्वापर में भगवान कृष्ण आये जो कि निष्काम प्रेम सिखाते है. कथा के अंत मे सुंदर झाँकी बनाकर वासुदेव रूप में बालकृष्ण को अपने सिर पर रखकर व्यासपीठ पर लाते है. कथा में विधायक मोहन शर्मा, नपाध्यक्ष कविता वर्मा, पूर्व अध्यक्ष मंजुलता शिवहरे एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे.

# हत्या के आरोपियों को देख भड़के मृतक के परिजन

- ग्राम पचामा में चाकू मारकर की थी युवक की हत्या
- पुलिस ने महिला सहित तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



नवभारत न्यूज

**सीहोर 21 जून.** गत दिवस ग्राम पचामा में बबलू मालवीय हत्याकांड में पुलिस ने आरोपियों धर्मेंद्र मालवीय, विद्या मालवीय और रितेश माली को दबोच लिया. आरोपियों की गिरफ्तारी की खबर फैलते ही मृतक के परिजन और ग्रामीण कोतवाली थाने पहुंच गए, जहां उन्होंने जमकर हंगामा मचाया.

जानकारी के अनुसार बबलू मालवीय की पत्नी विद्या कुछ दिन पहले बारवाखेड़ी निवासी प्रताप के साथ चली गई थीं. शनिवार को ग्राम थूना निवासी बबलू मालवीय अपनी पत्नी विद्या को बैंक से पैसे निकालने से रोकने पहुंचा था. इसी दौरान हुए विवाद में विद्या के साथ आए धर्मेंद्र मालवीय ने चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी थी. घटना के बाद आरोपी फरार हो गए थे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों को जब कोतवाली थाने लाया गया तो वहां मौजूद ग्रामीणों और परिजनों ने उन्हें घेर लिया. आक्रोशित लोगों ने आरोपियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनके साथ धक्का-मुक्की की स्थिति भी बन गई. पुलिस बल ने तत्काल हस्तक्षेप कर भीड़ को नियंत्रित किया और आरोपियों को सुरक्षित हवालात में पहुंचाया.

पुलिस ने हत्या सहित अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है.

# विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण



नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 21 जून. खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सरखड़ी, साजी और ताजपुर में 10 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया.**

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि उन्होंने कभी भी विकास कार्यों में भेदभाव नहीं किया है और प्रत्येक गांव एवं क्षेत्र को समान रूप से विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया है. उनका सपना है कि सुरखी विस का हर गांव शहरों की तरह सुंदर, स्वच्छ, व्यवस्थित और सुविधायुक्त बने. इसी लक्ष्य को लेकर लगातार कार्य किए जा रहे हैं और जनता के आशीर्वाद से विकास का रथ निरंतर आगे बढ़ रहा है.

# री-नीट परीक्षा में 1709 में से 1580 अभ्यर्थी रहे उपस्थित

**खास बातें**

- चार परीक्षा केंद्रों पर कड़े सुरक्षा इंतजाम
- री-नीट परीक्षा में तीन छात्राएं नहीं दे सकीं परीक्षा



नवभारत न्यूज

**विदिशा 21 जून, 21 जून शहर में सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे. सभी सेंटरों पर पुलिस बल मौजूद रहा वहीं परीक्षा केंद्रों पर पूरी जांच पड़ताल के बाद ही परिक्षार्थियों को प्रवेश दिया गय राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) रविवार को जिले के चारों परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई.**

परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा, प्रवेश, पहचान सत्यापन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं. सभी केंद्रों पर परीक्षा प्रक्रिया निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार संचालित हुई. नीट परीक्षा की नोडल अधिकारी एवं पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती गीता भदौरिया ने बताया कि जिले में कुल 1709 अभ्यर्थी पंजीकृत थे. इनमें से 1580 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 129 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे. जिले के चारों परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की उपस्थिति संतोषजनक रही. राजमाता विजयाराजे सिंधिया गर्ल्स पीजी कॉलेज केंद्र पर 480 में से 447 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 33 अनुपस्थित रहे. सम्राट अशोक प्रौद्योगिकी संस्थान केंद्र पर 480 में से 450 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 30 अनुपस्थित रहे. इसी प्रकार पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय केंद्र पर 461 में से 420 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 41 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे. शासकीय उत्कृष्टता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केंद्र पर 288 में से 263 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 25 अनुपस्थित रहे. परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर सुरक्षा एवं निगरानी के व्यापक इंतजाम किए गए थे. जिला प्रशासन, नोडल अधिकारियों और केंद्र प्रभारियों के समन्वित प्रयासों से परीक्षा शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुई.

### देरी से पहुंचने और दस्तावेज संबंधी त्रुटियों के कारण नहीं मिला प्रवेश

री-नीट परीक्षा के दौरान गर्ल्स पीजी कॉलेज परीक्षा केंद्र पर तीन छात्राएं परीक्षा में शामिल नहीं हो सकीं. जानकारी के अनुसार आरएमपी नगर निवासी स्नेहा दुबे और ग्राम कूला, तहसील कुरवाई निवासी रागिनी विश्वकर्मा निर्धारित समय से करीब दो मिनट देरी से परीक्षा केंद्र पहुंचीं. प्रवेश बंद होने के कारण उन्हें अंदर जाने से रोक दिया गया.मामले की जानकारी मिलने पर री-नीट परीक्षा की नोडल अधिकारी एवं केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्य गीता भदौरिया मौके पर पहुंचीं और दोनों छात्राओं को केंद्र के अंदर पहुंचाया. हालांकि सत्यापन प्रक्रिया के दौरान दोनों का बायोमेट्रिक थंब मैच नहीं हो सका, जिसके चलते उन्हें परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं मिली .वहीं विदिशा निवासी छात्रा अक्षत श्रीवास्तव भी परीक्षा से वंचित रह गई. बताया गया कि वह री-नीट परीक्षा के लिए पुराने प्रवेश पत्र के साथ केंद्र पहुंची थीं. जांच में प्रवेश पत्र अमान्य पाए जाने पर उन्हें भी परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी गई.

# फॉरेस्ट नाके पर लूट के तीन बदमाश गिरफ्तार





**बैतूल। खेड़ी चौकी क्षेत्र के फॉरेस्ट नाके के पास हुई लूट की वारदात का कोतवाली पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन और 5500 रूपये नकद बरामद किए हैं।**

पुलिस के अनुसार, यह वारदात 18 और 19 जून की दरमियानी रात हुई थी। फॉरेस्ट नाके के पास एक व्यक्ति को रोककर आरोपियों ने उसका मोबाइल फोन और 65 हजार रुपए लूट लिए थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। साथ ही मुखबिरों से मिली जानकारी और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई। इसके बाद पुलिस ने अमन राज निवासी जयप्रकाश वार्ड गंज, शिवा वड़ीवा निवासी ग्राम किलोद और शुभम सरनेकर निवासी ग्राम धनोरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस पूछताछ में तीनों आरोपियों ने लूट की वारदात करना स्वीकार कर लिया। इसके बाद उनके पास से लूटा गया मोबाइल फोन और 5500 रुपए नकद बरामद कर लिए गए।